**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-4329**

**उत्तर देने की तारीख**-27/03/**202**3

**तेलगांना में किराए/ अस्थायी परिसरों से परिचालित दस केन्द्रीय विद्यालय**

**†4329. श्रीमती कविता मलोथू:**

**श्री दयाकर पसुनूरी:**

**डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:**

**डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तेलंगाना में 10 केंद्रीय विद्यालय किराए के/अस्थायी परिसरों से परिचालित हो रहे हैं;
(ख) यदि हां, तो अस्थायी परिसरों से परिचालित हो रहे केंद्रीय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा उपरोक्त केंद्रीय विद्यालयों के लिए आवश्यक अवसंरचनायुक्त स्व-स्वामित्व भवनों के निर्माण हेतु किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है,
(घ) बजट 2023-24 में केंद्रीय विद्यालयों के लिए आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार केंद्रीय विद्यालय निर्माण परियोजनाओं को शुरू करने के लिए इसका उपयोग करने की योजना बना रही है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
(**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**)

(क) से (ग): केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेलंगाना राज्य में किराए के भवन में कोई केन्द्रीय विद्यालय (केवि) नहीं चल रहा है। तथापि, केवीएस द्वारा स्थायी स्कूल भवन के निर्माण तक प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी आवास में केवि को कार्यात्मक बना दिया गया है। वर्तमान में, तेलंगाना राज्य में 35 केवि कार्यात्मक हैं, जिनमें से 08 केवि नामत: भोंगिर, झारसंगम, बोधन, मनचेरियल, सिद्दीपेट, आदिलाबाद, सिरसीला, महबूबाबाद प्रायोजन अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी आवास से कार्य कर रहे हैं। केवि के लिए स्थायी भवनों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा केविसं के पक्ष में लीज़ की औपचारिकताओं को पूरा करने, निर्माण एजेंसी द्वारा ड्राइंग/आकलन प्रस्तुत करने, निधियों की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि पर निर्भर करती है।

(घ) और (ङ): केविसं को केवि खोलने और उनके परिचालन के लिए तीन अलग-अलग शीर्षों नामत: वेतन, सामान्य और पूंजीगत आस्तियों (सीसीए) के सृजन के तहत समेकित आधार पर सहायता अनुदान के रूप में प्रत्येक वर्ष बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2023-24 के लिए केविसं को कुल 8363.98 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जिसमें से 951.00 करोड़ रुपये सीसीए के लिए आवंटित किए गए हैं। केवि भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण संबंधी कार्य सीसीए के तहत आवंटित बजट से किए जाते हैं।

*****